# एन एस एस इकाई महाविद्यालय सराहां

## प्रभारी:  प्रो दिनेश कुमार

**<u>25th July 2023</u>**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2023 को गोद लिये गांव सराहां के जोहना घाट के हनुमान मंदिर परिसर में कारगिल दिवस पर लगाए जाने वाले पौधों हेतु गडढे खोदने का कार्य सम्पन्न किया। इस दौरान वन विभाग से आए गार्ड ने स्वयंसेवियो को गड्ढे बनाना सिखाया।




**<u>26th July 2023</u>**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस व आजादी के 75 वर्ष के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर तथा हनुमान मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के लगभग 80 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पंच प्रण की शपथ दिलवाई गई व युवा पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही 2 साल सेवा पूरी करने वाले स्वयंसेवियों को कार्यवाहक प्राचार्य श्री जगमोहन सिंह ठाकुर द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया तथा समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हनुमान मंदिर के प्रबंधक ने भी स्वयंसेवियों की प्रशंसा करते हुए समाज सेवा में उनके योगदान की सराहना की।












**<u>9th August 2023</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में आज दिनांक 9 अगस्त 2023 को आजादी के 75 वर्ष के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 75 पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात " वीरों का वन्दन " कार्यक्रम के तहत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य श्री जगमोहन सिंह ठाकुर तथा अतिथि श्री सूरत राम रावल (रिटायर सूबेदार) व श्री तारा दत्त शर्मा (रिटायर लांस हवलदार) द्वारा सरस्वती माता के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों के साथ सभी ने पंच प्रण की शपथ ली। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर श्री राजन कौशल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में अगस्त क्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में पधारे अतिथियों श्री सूरत राम रावल (रिटायर सूबेदार) व श्री तारा दत्त शर्मा (रिटायर लांस हवलदार) को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उसके बाद श्री सूरत राम रावल (रिटायर सूबेदार) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने जीवन काल में 1962,1965 व 1971 की लड़ाइयों व सैनिक जीवन के अनुभवों को साझा किया तथा स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन कर समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार श्री तारा दत्त शर्मा (रिटायर लांस हवलदार) ने नागा

विद्रोह व ब्लू स्टार ओप्रेशन में अपने अनुभवों को साझा किया। अंत में राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






**<u>26th August 2023</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया जिसमे महाविद्यालय परिसर में इकठ्ठी हुई मिट्टी को साफ किया गया।





**<u>1st September 2023</u>:-**

दिनांक 1 सितम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय में नियमित गतिविधियो के तहत कमरा नम्बर 7 तथा सभागार से डेस्को को कमरा नम्बर 12 में स्थानांतरित किया गया।





**6th September 2023:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 6 सितंबर 2023 को गोद लिये गांव सराहां के जोहना घाट में हनुमान मंदिर परिसर में एक दिवसीय कैंप लगाया। इस दौरान परिसर में लगाए गए पौधों की गुड़ाई-निराई की गई तथा खरपतवार निकाल कर तोलिए बनाए गए। इसके अलावा मंदिर परिसर में सफाई अभियान चला कर प्लास्टिक तथा खरपतवार इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया। सफाई अभियान के बाद स्वयंसेवियों ने वॉलीबॉल खेल कर मनोरंजन भी किया।






**15th September 2023:-**

स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत आज दिनांक 15 सितंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही स्वयंसेवियों ने मार्च पास्ट ड्रिल का भी अभ्यास किया।





**18th September 2023:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियो एवं अन्य विद्यार्थियों द्वारा आज दिनांक 18 सितंबर 2023 को "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत स्वच्छता की शपथ ली गई।



**23rd September 2023:-**

राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 23/09/2023 को "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत महाविद्यालय से बाईपास होते हुए पुराना बस स्टैंड तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान स्वयंसेवियों ने पुराना बस स्टैंड पर सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।



**<u>25th September 2023</u>:-**

राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां में दिनांक 25 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनीता ठाकुर द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या महोदया द्वारा सरस्वती माता के चरणों में द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि, प्राध्यापकों तथा स्वयंसेवियो का स्वागत किया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उसके पश्चात स्वयंसेवी श्रुति शर्मा तथा जिनिया शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्यों तथा आदर्श वाक्य "मैं नहीं,बल्कि आप" (Not Me But You) पर प्रकाश डाला। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत स्वयंसेवियों ने हिमाचली, पंजाबी तथा हरियाणवी गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। प्राचार्या महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए उन्हें जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अध्यक्ष आकाश ने मुख्य अतिथि, प्राध्यापकों तथा स्वयंसेवियो का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






**<u>28th September 2023</u>:-**

दिनांक 28 सितंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। महाविद्यालय भवन के अंतिम फ्लोर की सफाई के साथ-साथ डंगों पर उगी घास व खरपतवार की कटाई की गई।




**<u>29th September 2023</u>:-**

“स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़े के अंतर्गत आज दिनांक 29 सितंबर 2023 को राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर व साथ लगते रास्ते व सड़क के आसपास की सफाई करते हुए प्लास्टिक व कूड़ा इकट्ठा किया तथा खरपतवार की कटाई करके उसका निस्तारण किया गया।





**<u>10th October, 2023</u>:-**

राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत कलश यात्रा का आयोजन किया। इस अभियान के दौरान महाविद्यालय के शिक्षक व गैर -शिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों द्वारा लाई गई मिट्टी व चावल को एक कलश में इकट्ठा किया गया।







**<u>13th October, 2023</u>:-**

राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां में दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को नागरिक अस्पताल सराहां के माध्यम से "स्वास्थ्य शिक्षा" पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया

गया। कार्यक्रम में डॉक्टर संदीप शर्मा बी.एम.ओ. सराहां द्वारा डेंगू, स्क्रब टायफस, ट्यूबरक्लोसिस जैसी बीमारियों के लक्षणों व रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉक्टर सचिन भंडारी, मेडिकल ऑफिसर आयुष विभाग ने नशा व स्वास्थ्य विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी नशा छोड़कर योगा जैसी गतिविधियों के द्वारा अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इसी कड़ी में उनके साथ आए सिस्टर नीलिमा अग्रवाल ने स्वास्थ्य एवं सफाई पर लड़कियों के साथ विस्तृत चर्चा की तथा महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की।




**<u>19th October, 2023</u>:-**

राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां के 15 स्वयंसेवियो ने तीन दिवसीय "Creation of task force of youth volunteers for better disaster preparedness response" के तहत 17 अक्तूबर से 19 अक्तूबर 2023 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सराहॉ में डी. डी. एम. ए. सिरमौर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

**30th October, 2023:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को फिट इंडिया स्वच्छता रन "स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत" थीम के तहत महाविद्यालय से राष्ट्रीय मार्ग 907 A तक दौड़ का आयोजन किया जिसमें स्वयंसेवियों के अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने इस अवसर पर मार्च पास्ट ड्रिल तथा मनोरंजनात्मक खेल खेलकर फिट रहने का संदेश दिया।




**8th November 2023:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 8 नवंबर 2023 को महाविद्यालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रांगण में इकट्ठी हुई मिट्टी व पत्ते इत्यादि को साफ किया गया।




**<u>10th November 2023</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 10 नवंबर 2023 को प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर के नेतृत्व में Electoral literacy club द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ELC nodal officer प्रोफेसर दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि New voter registration के लिए फॉर्म नंबर 6, objection/ deletion के लिए फॉर्म नंबर 7 तथा correction/ shifting या replacement of EPIC के लिए विद्यार्थी फॉर्म नंबर 8 भरे। नामांकन या अन्य कार्यवाही हेतु फॉर्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, दसवीं का प्रमाण पत्र , राशन कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो आदि जैसे दस्तावेजों को साथ ले जाने हेतु जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि वह फॉर्म भरने हेतु संबंधित BLO से संपर्क करें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य के अतिरिक्त ELC Convener प्रोफ़ेसर कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे।





**<u>18th November 2023</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 18 नवंबर 2023 को प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर के नेतृत्व में Electoral literacy club द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अथवा चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चुनाव के दिन मतदाता द्वारा वोट डालने संबंधी प्रक्रिया के बारे में जानकारी सांझा की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य के अतिरिक्त ELC Nodal officer प्रोफेसर दिनेश कुमार व ELC Convener प्रोफ़ेसर कृष्ण कुमार मौजूद रहे।




**<u>23rd November, 2023</u>:-**

राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां के 20 स्वयंसेवियो ने तीन दिवसीय "Creation of task force of youth volunteers for better disaster preparedness response" के तहत 21 नवंबर से 23 नवंबर 2023 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सराहॉ में डी. डी. एम. ए. सिरमौर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।





**<u>25th November 2023</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 25 नवंबर 2023 को "संविधान दिवस" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय सराहां के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर जगमोहन ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने संविधान दिवस पर शपथ ली। तत्पश्चात हिमानी शर्मा ने "लोकतांत्रिक देश में

संविधान के महत्व"  विषय पर अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संविधान से संबंधित विषयों पर ही आधारित रही। इस प्रतियोगिता में आर्यन, अंशिल तथा आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाली टीम को बधाई दी तथा हिमानी शर्मा के वक्तव्य की सराहना की। उन्होंने संविधान के महत्व को उजागर करते हुए इसके उद्देश्यों को आत्मसात करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं राजनीति शास्त्र विभाग के आचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा उपस्थित कार्यवाहक प्राचार्य, स्टाफ के सदस्यों सीएसीए सदस्यों व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।











**<u>30th November 2023</u>:-**

आज दिनांक 30 नवंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में Electoral literacy club द्वारा निर्वाचन कार्यालय एस.डी.एम. सराहां के माध्यम से

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए मतदाता नामांकन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में निर्वाचन कार्यालय सराहां में सेवारत निर्वाचन कानूनगो मनोज चौहान ने विद्यार्थियों को निर्वाचन व मतदाता नामांकन से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात महाविद्यालय में जिन विद्यार्थियों की आयु 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष हो रही थी उनके नामांकन फॉर्म भरे गए। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सराहां की प्राचार्या के अतिरिक्त डॉक्टर राजन कौशल, ELC नोडल ऑफिसर दिनेश कुमार, अधीक्षक शंभूनाथ व निर्वाचन कार्यालय से निर्वाचन कानूनगो मनोज चौहान तथा राकेश पुंडीर उपस्थित रहे।




**<u>6th Dec. 2023</u>:-**


राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 6 दिसंबर 2023 को गोद लिया गया क्षेत्र जोहना घाट में एकदिवसीय विशेष शिविर लगाया गया। इस शिविर के दौरान पूर्व में लगाए गए पौधों की निराई- गुड़ाई की गई तथा आसपास के क्षेत्र में पॉलिथीन व अन्य कचरा इकट्ठा करके उसका निष्पादन किया गया।





**<u>7th Dec. 2023</u>:-**

आज दिनांक 7 दिसंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के स्वयंसेवियों एवं विद्यार्थियों के लिए कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम संबंधी अधिनियम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय महिला यौन उत्पीड़न संरक्षण समिति की अध्यक्षा डॉ० मोल्लम डोलमा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में बनी समिति व उसके कार्यों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं राजनीति विज्ञान के आचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार ने यौन उत्पीड़न रोकथाम हेतु बने अधिनियम 2013 व विशाखा व अन्य V राजस्थान अभियोग के तहत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई गाइडलाइंस के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में उपरोक्त आचार्यों के अलावा डॉ राजन कौशल विशेष रूप से उपस्थित रहे।







**<u>10 फरवरी 2024</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आज दिनांक 10 फरवरी 2024 को महाविद्यालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्रांगण में इकट्ठी हुई मिट्टी , पत्थर व पत्ते इत्यादि की सफाई की गई तथा साथ ही कुछ स्वयंसेवियों ने कंप्यूटर कक्ष स्थापित करने में सहायता की। कक्षा कक्ष संख्या 7 से डेस्को को हटाकर कक्षा कक्ष संख्या 11 में तथा कॉन्फ्रेंस कक्ष से कुर्सियां कंप्यूटर कक्ष में स्थापित करने का कार्य किया।




**22 फरवरी 2024**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 22 फरवरी 2024 को गोद लिए गांव जोहना घाट के हनुमान मंदिर परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान मंदिर परिसर में इकाई द्वारा रोपे गए पौधों की निराई -गुड़ाई की गई तथा मंदिर परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाकर कूड़ा - कर्कट इकट्ठा करके उसका निस्तारण किया।




**01 मार्च 2024**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 01 मार्च 2024 को महाविद्यालय परिसर में आगमी वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मध्य नजर महाविद्यालय प्रांगण तथा परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्रांगण में इकट्ठी हुई मिट्टी व पत्थर की सफाई की गई तथा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हेतु मंच निर्माण में सहयोग किया।




**<u>04 मार्च 2024</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 04 मार्च 2024 को महाविद्यालय परिसर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के बाद महाविद्यालय सभागार, स्टाफ रूम तथा कैंटीन में सफाई की गई तथा उक्त स्थानों से फर्नीचर को पूर्ववत स्थानों पर स्थानांतरित किया गया।




**<u>07 मार्च 2024</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व Electoral Literacy Club के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 07 मार्च 2024 को महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए मतदाता जागरूकता व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में

सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर ने मतदाता शपथ दिलाई , उसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार द्वारा वोट के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जो विद्यार्थी पहली अप्रैल तक 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैं वे संबंधित पंचायत के बीएलओ से मिलकर मतदाता के रूप में पंजीकरण करवा ले तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में मत का प्रयोग अवश्य करें। उसके उपरांत विद्यार्थीयों द्वारा "मेरा पहला वोट" विषय पर पोस्टर मेकिंग कर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। उसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर पधारे मुख्य अतिथि, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय सराहां, डॉ.अनीता ठाकुर व तमाम महिला शक्ति का स्वागत किया तथा महिला सशक्तिकरण दिवस मनाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।विषय को आगे बढ़ाते हुए बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा श्रुति शर्मा व बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा हिमानी शर्मा द्वारा "महिला सशक्तिकरण- लोकतंत्र में भागीदारी द्वारा" विषय पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखें। उसके उपरांत महिला सशक्तिकरण के लिए चुनौतियां व समाधान विषय पर कार्यक्रम में खुली बहस की गई, जिसमें विभिन्न विद्यार्थियों व अध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक सुदृढ़ता के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदया व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के अतिरिक्त प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. सुध्यान नेगी, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश तोमर, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराव तथा पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती किरण कांत उपस्थित रहे।




















<u>22 मार्च 2024</u>

दिनांक 22 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों आशिता व नीतिका ने अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस के उपलक्ष पर पोस्टर बनाकर जल के महत्व पर प्रकाश डालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।






## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महाविद्यालय सराहां
## सप्त दिवसीय विशिष्ट आवासीय शिविर
## दिनांक 23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2023

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सत्र 2023-24 के सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का शुभारंभ दिनांक 23 दिसंबर 2023 को किया गया जिसमें 45 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। इस विशिष्ट शिविर के शुभारंभ दिवस पर प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सराहां ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्या महोदया ने माता सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के मुख्य अतिथि, शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग का अभिनंदन किया गया तथा सप्त दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की I स्वयंसेवियों ने भजन व नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। मुख्य अतिथि महोदया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। दोपहर बाद भोजन उपरांत कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवियो को बाबा आमटे, ज्योतिबा फुले, किंकरी देवी, विनोबा भावे तथा अन्ना हजारे नामक पांच ग्रुपों में बांटा ताकि प्रतिदिन के कार्यो को सुगमतापूर्वक किया जा सके।











## **Physical Activities:-**

शारीरिक गतिविधियो के तहत दिनांक 23 दिसम्बर 2023 को बाबा आमटे ग्रुप द्वारा महाविद्यालय परिसर में झाड़ियों की सफाई की गई तथा विनोबा भावे ग्रुप द्वारा परिसर में अव्यवस्थित पत्थरों का डंगा लगाया गया। अन्ना हजारे ग्रुप ने पौधों की गुड़ाई की तथा किंकरी देवी ग्रुप के स्वयंसेवियों ने पौधों की सिंचाई की। इसी दौरान ज्योतिबा फुले ग्रुप ने महाविद्यालय के साथ बनी सड़क के नाली में जमी मिट्टी की सफाई की।

दिनांक 24 दिसम्बर 2023 को बाबा आमटे ग्रुप ने खाना बनाने तथा दिनभर के कार्यो के संचालन का कार्य किया। किंकरी देवी ग्रुप ने प्रांगण में इकट्ठी हुई मिट्टी की सफाई की। वहीं ज्योतिबा फुले ग्रुप ने सभागार तथा लाइब्रेरी तक सफाई करते हुए सभागार के अंदर डेस्को को व्यवस्थित किया। इसी क्रम में विनोबा भावे ग्रुप और अन्ना हजारे ग्रुप को महाविद्यालय के शैक्षिक और प्रशासनिक एरिया में सफाई का काम मिला।

इसी क्रम मे दिनांक 25 दिसम्बर 2023 को अन्ना हजारे ग्रुप ने खाना बनाने तथा दिन भर के कार्यक्रम के नेतृत्व का कार्य किया । किंकरी देवी ग्रुप ने महाविद्यालय परिसर के डंगो पर उगी घास व झाड़ियों की कटाई व सफाई का कार्य किया तथा ज्योतिबा फुले ग्रुप तथा विनोबा भावे ग्रुप ने पौधों की गुड़ाई तथा सिंचाई के अलावा पौधों के चारों तरफ बाड़ लगाने का कार्य किया। बाबा आमटे ग्रुप ने गमलों को तैयार करने का काम किया जिसके लिए उन्होंने कवागधार से मिट्टी लाकर व स्थानीय लोगों से गोबर इकट्ठा कर गमलों को तैयार किया।

26 दिसंबर 2023 को शारीरिक कार्य हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी गोद लिए गांव सराहां के जोहना घाट स्थित हनुमान मंदिर परिसर पहुंचे। इस दिन का कार्यभार विनोबा भावे ग्रुप के पास रहा। मंदिर परिसर में पहुंचकर विनोबा भावे ग्रुप ने खाना बनाने व व्यवस्था निर्माण का कार्य शुरू किया। इसी दौरान मंदिर परिसर के बांई तरफ बाबा आमटे तथा किंकरी देवी ग्रुप ने तो दांई तरफ ज्योतिबा फुले तथा अन्ना हजारे ग्रुप ने कार्य शुरू किया। इन कार्यों में पौधों की गुड़ाई, सिंचाई तथा खरपतवार व कूड़े- कर्कट का निस्तारण करना प्रमुख रहा। स्वयंसेवियों ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के लिए बजरी और रेत को बोरियों में भरकर व्यवस्थित किया।

27 दिसंबर 2023 को ज्योतिबा फुले ग्रुप ने खाना बनाने तथा दिन भर के कार्यों के नेतृत्व का किया। बाबा आमटे ग्रुप ने महाविद्यालय परिसर के आसपास उगी अवांछित वनस्पति तथा खरपतवार की कटाई की वहीं किंकरी देवी ग्रुप, अन्ना हजारे ग्रुप तथा विनोबा भावे ग्रुप ने महाविद्यालय से पुराना बस स्टैंड सराहां तक कूड़े-करकट की सफाई की। स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर पुराना बस स्टैंड तक प्लास्टिक व अन्य कचरा इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया।

दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को किंकरी देवी ग्रुप ने खाना बनाने तथा दिन भर के कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने का जिम्मा संभाला जबकि विनोबा भावे ग्रुप ने बावड़ियों की सफाई की। ज्योतिबा फुले ग्रुप, बाबा आमटे ग्रुप तथा अन्ना हजारे ग्रुप ने सरस्वती ताल के आसपास खरपतवार को काटा तथा नालियों की सफाई की तथा साथ ही ताल के आसपास का कूड़ा कचरा इकट्ठा करके उसका निस्तारण किया।





















POCO M3 | SHOT BY SAHIL
27/12/2023 10:30


realme Shot by Dil_Ka_Baadshah








**Academic** <u>Activities:-</u>

दिनांक 23 दिसम्बर 2023 को प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सराहां ने शैक्षिक सत्र को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यो एवम महत्व को उजागर किया तथा लगन के साथ सात दिन कार्य हेतु प्रेरित किया।



दिनांक 24 दिसम्बर 2023 को हनुमान मंदिर सराहां के महंत व सेवानिवृत्ति प्रिंसिपल श्री परमेश्वर दास जी Resource Person के रूप मे पधारे। उन्होंने "नैतिक मूल्य" विषय पर विद्यार्थियों को अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि आज की पीढ़ी, जो भविष्य का समाज है, उन्हें नैतिक मूल्यों की महती आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ समाज सेवा करते हुए व्यक्तित्व निर्माण की आवशयकता पर जोर दिया।



25 दिसम्बर 2023 के शैक्षिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय पझौता के कार्यकारी प्राचार्य व इतिहास विभाग के आचार्य प्रोफेसर प्रकाश तथा राजकीय महाविद्यालय सोलन में कार्यरत इतिहास विभाग के आचार्य प्रोफेसर प्रमोद ठाकुर बतौर Resource Person पधारे। प्रोफेसर प्रकाश ने राष्ट्रीय योजना के विषय पर अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि व्यक्तित्व निर्माण के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक बेहतर संस्था है। इसके अतिरिक्त उन्होंने "समोसा" विषय पर एक कविता भी प्रस्तुत की। उसके बाद प्रोफेसर प्रमोद ने "योग एवं स्वास्थ्य" विषय पर अपना वक्तव्य देते हुए बताया कि शरीर, मन एवं सांस का एक लय में आ जाना ही योग कहलाता है। योग के विषय पर बात करते हुए उन्होंने बताया की योग कर्म की कुशलता, चित्त की वृत्तियों पर काबू पाना है। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से सकारात्मक सोच विकसित होती है। अतः योग हमें अनुशासन में रहते हुए शत-प्रतिशत कार्य करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने विभिन्न प्रकार की योग क्रियाएं सिखाई ।





दिनांक 26 दिसंबर 2023 के शैक्षिक सत्र में के Resource Person प्रोफेसर सुदेश तोमर, आचार्य वाणिज्य विभाग, राजकीय महाविद्यालय सराहां थे। उन्होंने "Career Opportunities" विषय पर विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने तथा उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मेहनत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य हासिल करने के लिए "SWOT" विश्लेषण पर काम करना चाहिए अर्थात उन्हें अपनी strength, weakness, opportunity तथा threat पर ध्यान देना चाहिए तभी जाकर एक बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है




दिनांक 27 दिसंबर 2023 के शैक्षिक सत्र में के Resource Person भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से जुड़े Financial Trainer श्री रोबिल साहनी थे। रोबिल साहनी ने

"Financial Literacy" विषय पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि हमें अपने जीवन में आर्थिक स्थिरता के लिए short term , medium term तथा long term लक्ष्यों के साथ सेविंग और निवेश करना चाहिए। Medium term के लिए FD, RD तथा किसान विकास पत्र आदि में निवेश किया जा सकता हैं जबकि long term के लिए Share market, Mutual Fund तथा PPF आदि बेहतर रहता है। उन्होंने कहा कि हमें systematic investment plan पर काम करना चाहिए तभी जाकर हम एक बेहतर भविष्य के लिए निधि इकट्ठा कर सकते।



28 दिसम्बर 2023 के शैक्षिक सत्र में Dr. Sandeep Sharma, BMO Sarahan, Resource Person रहे। उन्होंने स्वयंसेवियो को "स्वास्थ्य और स्वच्छता" विषय पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि निजी स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरणीय स्वच्छता, स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहतर कैलोरी युक्त भोजन की आवश्यकता होती है जो विभिन्न वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग मात्रा में रहती है।



## Cultural Activities:-

स्वयंसेवियों ने विभिन्न दिवसो पर विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आनंद लिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उन्हे लोक नृत्य के वीडियो भी दिखाए गए।






## Recreational & Yoga Activities:-

स्वयंसेवियों ने मनोरंजनातमक गतिविधियों के तहत भी कई प्रकार के खेल जैसे चाटी तोड़, पकड़म-पकड़ाई, मानसिक खेल, प्राणायाम की क्रिया तथा मार्च पास्ट का आनंद लिया।










## Closing of Camp:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का दिनांक 29 दिसंबर 2023 को समापन दिवस था। समापन समारोह में सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं समाजसेवी श्री अमर सिंह चौहान जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ सेवा निवृत्त लेक्चरर अनूप भटनागर विशेष अतिथि के रूप में पधारे। अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती माता के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वयंसेवियों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत करने के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान मंच का संचालन अंग्रेजी विभाग के आचार्य डॉ. राजन कौशल ने किया। राजकीय महाविद्यालय सराहां के उप-प्राचार्य प्रोफेसर जगमोहन सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि व अन्य लोगों का स्वागत किया। उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सप्त दिवसीय शिविर की रिपोर्ट पेश की गई। इस दिवस पर मुख्य अतिथि महोदय की ओर से विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके विषय "मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है" तथा "विपत्ति एक ऐसी चीज है जो सबसे मजबूत पेड़ों को उगाता है" रहे। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में शिविर में बेहतर कार्य करने वाले स्वयंसेवियों तथा भाषण प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में हिमानी ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय तथा पलक ने तृतीय स्थान ग्रहण किया तथा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बेहतर कार्य करने के लिए साहिल तथा ज्योति भारद्वाज को Best Camper के पुरस्कार से सम्मानित किया गया जबकि विनोबा भावे समूह को सर्वश्रेष्ठ समूह का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया और निश्चल भाव से सेवा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमें

फल की इच्छा किए बगैर अपने आप को प्रभु का निमित्त मात्र मानकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने आगामी वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी को ₹1000, समृद्धि चिन्ह तथा प्रमाण-पत्र प्रदान करने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें कुसुम लता द्वारा भजन तथा अन्य स्वयंसेवियों द्वारा समूह गान व लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवी आकाश चौहान ने सभी का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। समापन समारोह के तुरंत बाद सभी मेहमानों और स्वयंसेवियों को भोजन करवाया गया। सांयकालीन सत्र में स्वयंसेवियों ने सभागार तथा रसोई घर में सफाई की और अंत में मनोरंजनात्मक कार्यक्रम का भी आनंद लिया। समापन समारोह में उप-प्राचार्य श्री जगमोहन सिंह ठाकुर, डॉ. राजन कौशल व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर दिनेश कुमार के अतिरिक्त डॉ. सुध्यान नेगी, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रोफेसर सुदेश तोमर, प्रोफेसर कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, प्रोफेसर प्रियंका सराव तथा कार्यालय अधीक्षक शंभूनाथ के साथ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।









NATIONAL SERVICE SCHEME
GOVT. MODEL DEGREE COLLEGE SARAHAN
ANNUAL SEVEN DAYS
SPECIAL CAMP


NATIONAL SERVICE SCHEME
GOVT. MODEL DEGREE COLLEGE SARAHAN
ANNUAL SEVEN DAYS
SPECIAL CAMP


SPECIAL CAMP


GOVT. MODEL DEGREE COLLEGE SARAHAN
ANNUAL SEVEN DAYS
SPECIAL CAMP




प्रभारी: प्रो. दिनेश कुमार

# End of the Report